हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 अगस्त 2026

06 शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की...



07 रूठियाई बीना ट्रेन का समय आज तक नहीं बदला, इंतजार कब तक?



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

संकल्प दिवसः दुर्गा वाहिनियों ने भारत माता की उतारी आरती



कुंभराज। विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी प्रखंड कुंभराज के द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस के उपलक्ष में सामूहिक भारत माता की आरती एवं जय महाकाल ताशा पार्टी के द्वारा ताशे बजाए गये। स्थानीय महर्षि श्री बाल्मिक मोहल्ले में संपन्न हुआ एवं वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष होने पर सभी बहनों ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत गया जिसमें मुख्य वक्ता जिला सह मंत्री सोनू नाथ योगी के द्वारा बताया देश कितनी बार खंडित हुआ। अफगानिस्तान नेपाल पाकिस्तान बांग्लादेश श्री लंका म्यांमार भूटान तिब्बत सभी भारत के हिस्सा थे लेकिन आजादी के पर्व के साथ में विभाजन का दुख भी हमको मनाना चाहिए 1947 में 15% मुस्लिम आबादी को 29% भूभाग देना इस का दुख है रहा 20 लाख हिंदू विस्थापित हुए 7 लाख हिंदुओं की हत्या हुई आज भी पाकिस्तान के अंदर हिंदू कीड़ा मकोड़े की जिंदगी जी रहा है एवं प्रखंड अध्यक्ष दीपक जैन द्वारा सभी बहनों को आभार व्यक्त किया गया एवं प्रखंड को रक्षा प्रमुख सुमित मालवीय ने मंच संचालन किया।

51 किलो की कांवड़ से बाबा विश्वनाथ का हुआ महाभिषेक



आरोन। सनकादिक आश्रम से देवपुर धाम तक प्रति वर्ष के भांति द्वितीय वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन रिजोदा मित्र मंडली द्वारा किया गया। सुबह 9 बजे सनकादिक आश्रम से पूजन कर डोल डीजे के साथ विशाल 51 किलो की कांवड़ बाजार से होते हुए दास हनुमान मंदिर पहुंची जहां वीर हनुमान जी का आशीर्वाद लेकर कावड़ का पूजन करवा कर 35 किलोमीटर देवपुर धाम के लिए निकल गई जगह जगह फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया बड़े हरल्लास के साथ देवपुर धाम पहुंची ओर बना विश्वनाथ का महाभिषेक किया मित्र मंडली द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि यह द्वितीय वर्ष है ओर हम सबने गौ माता के लिए प्रार्थना की है गौ माता के सम्मान के लिए यह कावड़ यात्रा निकाली गई है इस मौके पर रिजोदा आरोन सहित कई गांवों के मित्र शामिल हुए।

गायत्री शक्तिपीठ में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बैठक आयोजित

गुना। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ गुना पर उपजोन स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय संयोजक कृष्णा शर्मा, इंदौर उपजोन प्रभारी महेश केवट, गुना उपजोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया, स्थानीय समन्वयक एम.पी. शर्मा एवं जिला समन्वयक सुरेंद्र प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुआ। एन.पी. शर्मा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि जिला संयोजक श्रीराम शर्मा ने गत वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आगामी परीक्षा तिथि 3 अक्टूबर 26 की जानकारी दी। मुख्य अतिथि कृष्णा शर्मा ने बताया कि 1994 से शुरू हुई यह परीक्षा आज 28 राज्यों और नेपाल में 18 भाषाओं में आयोजित हो रही है, जिसमें 1 करोड़ से अधिक विद्यार्थी शामिल होते हैं। महेश केवट ने वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला।

कहा: रामायण से लेकर महाभारत तक महिलाओं के लिए सिर्फ पुरुष मरे, महिलाएं नहीं!

विधायक पन्नालाल का विवादित बयान मंच पर ही भिड़ीं विधायक प्रियंका पैंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



अपने बेबाक और विवादित बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले गुना के भारतीय जनता पार्टी के गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने एक बार फिर महिलाओं पर विवादित टिप्पणी कर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। जिला प्रशासन द्वारा नानाखेड़ी मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव-2026 के मंच पर भाषण देते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने रामायण, महाभारत और इतिहास का हवाला देते हुए पुरुषों के विनाश का कारण महिलाओं को बता डाला। विधायक शाक्य के इस बयान पर मंच पर ही मौजूद चांचौड़ा से भाजपा की महिला विधायक प्रियंका मीना पैंची का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने भरे मंच पर खड़े होकर पन्नालाल शाक्य के बयान को महिलाओं का अपमान बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया, जिसके बाद दोनों विधायकों में तीखी बहस हो गई और मंच पर ही राजनीतिक संग्राम छिड़ गया।

नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वर्चुअली जुड़े हुए थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि आज वे किसानों, खाद और बिजली के विषय में कोई बात नहीं करेंगे। उन्होंने देश भक्ति गानों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐ वतन तेरे लिए जान दे देंगे जैसे गानों पर रोक लगनी चाहिए, क्योंकि जान इतनी सस्ती नहीं है। हमें तो वतन के लिए जान लेना चाहिए। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने महिलाओं पर विवादित बयान दिया। शाक्य ने कहा कि रामायण काल में रावण को उसके भाई ने बहुत समझाया था कि पराई स्त्री को लाना मौत का सामान है, उसे ससम्मान वापस भेज दो। उस युद्ध में कोई महिला नहीं मरी, सिर्फ आदमी मारे गए। महाभारत का जिक्र करते हुए विधायक बोले कि महाभारत में भी एक पंचाली (द्रौपदी) के चक्कर में एक करोड़ आदमी मारे गए, लेकिन महिलाएं कोई नहीं मरी। इतना ही नहीं, उन्होंने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि पृथ्वीराज चौहान ने संयोगिता के चक्कर में कन्नौज से दिल्ली तक अपने 55 सामंत मरवा दिए थे। यह महिलाओं का अपमान है।

चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची ने भरे मंच पर जताया विरोध

पन्नालाल शाक्य द्वारा रामायण, महाभारत और इतिहास के उदाहरणों के जरिए महिलाओं को विनाश की वजह बताने पर मंच पर ही बैठीं चांचौड़ा की भाजपा विधायक प्रियंका मीना पैंची अपने गुस्से पर काबू नहीं रख सकीं। उन्होंने तुरंत खड़े होकर विधायक शाक्य के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया। प्रियंका पैंची ने भरे मंच पर आक्रोश व्यक्त करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बयान सीधे तौर पर महिलाओं का अपमान है और यह पूरी तरह से महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।हमने बहुत किताबें पढ़ी हैं, आप बैठ जाएं। अपनी ही पार्टी की महिला विधायक द्वारा सरेआम विरोध किए जाने के बावजूद गुना विधायक पन्नालाल शाक्य पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने मंच पर ही प्रियंका पैंची को दो टूक लहजे में जवाब देते हुए कहा कि हमने बहुत सारी किताबें पढ़ी हैं, कहाँ क्या हुआ है हमें सब पता है, आप चुपचाप बैठ जाएं। मंच पर दोनों भाजपा विधायकों के बीच हुई इस तीखी झड़प और नारेबाजी जैसी स्थिति के बाद कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और किसानों में हडक़ंप मच गया। महिलाओं पर दिए गए इस विवादित बयान का वीडियो और खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

बाइकों की जोरदार भिड़ंत एक की दर्दनाक मौत दूसरा गंभीर घायल

गुना। सिरसी थाना अंतर्गत उदयपुरी-तिलवाड़ा रोड पर सोमवार देर शाम एक भीषण सडक़ हादसा हो गया, जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सकतपुर निवासी ताराचंद्र बारेला (43) के रूप में हुई है। पुलिस ने मंगलवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।दवाई लेने जा रहे थे ताराचंद्रघटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6:30 बजे उसके मामा ताराचंद्र बारेला फसल की दवाई लेने और इलाज कराने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से मारकीमहू जा रहे थे। रविंद्र और उसका चचेरा भाई कांतिलाल भी अपनी बाइक से उनके पीछे-पीछे जा रहे थे। शाम करीब 6:45 बजे जैसे ही ताराचंद्र की बाइक तिलवाड़ा रोड पर बुंदेला के खेत के पास पहुँची, तभी तिलवाड़ा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पल्सर बाईक चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया।

प्राचार्य पर आरोप लगाकर जेन अल्फा ने घेरा गुना कलेक्टोरेट

बोलेः रास्ते में प्रिंसिपल ने गाड़ियां ओवरटेक कर दी एफआईआर की धमकी, कलेक्टर ने सुनी दास्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के धरनावदा ग्राम के पीएमश्री स्कूल की अव्यवस्थाओं और प्राचार्या से परेशान जेन अल्फा छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टोरेट घेरा। इस दौरान आक्रोशित छात्राएं बेमुश्किल धरना से गुना पहुंची, यहां उन्होंने गुना कलेक्टर के सामने अपनी आपबीती सुनाई। कलेक्टोरेट पहुँचते ही छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लिया और छात्राओं से वन-टू-वन चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं।दरअसल स्वतंत्रता दिवस पर भी छात्राओं का आक्रोश मुख्य अतिथियों सामने फूटा था। छात्राओं ने मंच से ही स्कूल की अव्यवस्थाओं और प्राचार्य की सीधी धमकियों की पोल खोलकर रख दी। छात्राओं का आरोप है कि मैडम उन्हें प्रैक्टिकल में महज 12 नंबर देकर फेल करने की धमकी देती हैं, साथ ही भारतीय संस्कृति के प्रतीक तिलक लगाने, कलावा बांधने और चूड़ी पहनने पर अभद्र टिप्पणियां करती हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर जनप्रतिनिधियों के सामने शिकायत करने के बाद जब छात्राओं को कोई राहत नहीं मिली, तो उन्होंने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुँचकर कलेक्टर से सीधे शिकायत करने का फैसला किया। छात्राओं ने कहा जैसे ही सभी छात्राएं वाहनों में सवार होकर धरनावदा से गुना के लिए निकलीं, प्राचार्य को इसकी भनक लग गई। प्रिंसिपल ने अपने वाहन से छात्राओं की गाड़ियों का पीछा किया और रास्ते में ही उन्हें खतरनाक तरीके से ओवरटेक करके रोक लिया।

गुना गए तो करा दूंगी एफआईआर!

इस दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्राचार्य ममता सोनी छात्राओं और वाहन चालक को स्पष्ट तौर पर धमकाते हुए कह रही हैं कि अगर वे गुना गईं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी। हालांकि, इस प्रशासनिक और मानसिक दबाव के बावजूद जेन अल्फा की बेबाक छात्राएं प्रिंसिपल की धमकियों से जरा भी नहीं डरीं और कलेक्टोरेट पहुंच गईं।

इनका कहना है...

पीएमश्री स्कूल धरनावदा के बच्चे मिलने आए थे। मैंने उनसे बातचीत की। उनका विषय वहां की प्राचार्या को लेकर है। हालांकि कल मैंने डीईओ को जांच के लिए बोला था, शाम तक रिपोर्ट आ जाएगी। उसमें संभवतः ऐसा भी लग रहा है कि कुछ स्कूल की टीचर और प्राचार्य के बीच लड़ाई झगड़ा है। बच्चों के अंदर इस लेवल पर आक्रोश आना हमारे लिए भी चिंता का विषय है। बच्चों का काम पढ़ाई होना चाहिए। आज की जो यंग पीढ़ी है उनसे यही अपील है कि अपनी बात रखने के साथ धैर्य रखें। हमने जांच का बोला है।

किशोर कुमार कन्याल
कलेक्टर गुना

आधा दर्जन से ज्यादा होटल ढाबों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में 16-08-2026 को आबकारी वृत्त गुना - 1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा गुना शहर में अवैध होटल/ढाबों पर कार्यवाही की गई। कुशवाह का ढाबा इंडस्ट्रियल एरिया, मोनू ढाबा एवं महफ़िल ढाबा ट्रांसपोर्ट नगर, यादव ढाबा बजरंगगढ़ रोड, राठौर ढाबा एवं सम्राट होटल दशहरा मैदान पर कार्यवाही की गई।

उक्त होटल ढाबों पर अवैध मदिरा पिलायी जा रही 1 आबकारी बल को देखकर भगदड़ मच गई 1 इसके अलावा विनायक खेड़ी एवं सिंगवासा चक पर दबिश दिखायी कन्हा से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई कुल 7 प्रकरण आबकारी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए प्र उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी, खुशबू रघुवंशी, की भूमिका सराहनीय रही ।

जामनेर पुलिस ने दबोचे आधा दर्जन जुआरी

गुना। जिले की जामनेर थाना पुलिस ने टोडरा गांव में जुए की सूचना पर दबिश देकर आधा दर्जन जुआरी दबोचे हैं। जिनके पास से पुलिस ने नकदी 4,450 रुपए एवं ताश की गड्डी बरामद की है। जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि टोडरा गांव में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेलते हुए रूप सिंह पुत्र मोहन सिंह धाकड़, बृजेश पुत्र ओमप्रकाश धाकड़, जितेन्द्र पुत्र दीवान सिंह धाकड़, रघुवीर पुत्र रामप्रसाद धाकड़, सोनू पुत्र राधेश्याम धाकड़ एवं संतोष पुत्र चम्पालाल धाकड़ निवासीगण ग्राम टोडरा को रंगेहाथों दबोचा। पुलिस ने सभी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

प्राणघातक हमले में फरार एक और आरोपी दबोचा

गुना। जिले की चांचौड़ा थाना पुलिस ने प्राणघातक हमले के मामले में प्रकरण में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। दरअसल 20 जुलाई 26 की रात्रि में ग्राम सुंदरपुरा पठार के पास पुरानी रंजिश को लेकर आरोपीगण हरिबहादुर मीना, सुमित मीना, मनीष मीना निवासी ग्राम सुंदरपुरा, कुलदीप मीना एवं रोहित मीना निवासी ग्राम टोडी सहित अन्य अज्ञात के द्वारा फरियादी महेश रजक पर एकराय होकर लाठी-फर्सी एवं लात-घूंसों से जानलेवा हमला किया गया था । प्रकरण में पुलिस द्वारा सक्रिय कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।

लंबे समय से ग्राम मावन की निचली बस्ती में गहराया बिजली संकट

ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला मुख्यालय से सटे ग्राम मावन की निचली कॉलोनी में बीते लंबे समय से जारी गंभीर बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों और ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुँचे। ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर बिजली विभाग की उदासीनता के खिलाफ नारेबाजी की और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द नया 63 केवी का डीटीआर रखवाने की गुहार लगाई।

ग्रामीणों ने बताया कि निचली कॉलोनी में बिजली विभाग द्वारा ढोंगापुरा से लंबी केबल खींचकर बिजली सप्लाई की जा रही है, जिससे लगातार लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी रहती है। वर्तमान में ढोंगापुरा का डीटीआर भी जलकर खराब पड़ा हुआ है। इस कॉलोनी में शासकीय हाई स्कूल, दो आंगनवाड़ी केंद्र, आयुष औषधालय और ग्राम पंचायत भवन स्थित हैं, जहाँ बिजली न होने से शासकीय कार्य और बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप्प पड़ी है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस क्षेत्र में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति और मजदूर वर्ग के लोग निवास करते हैं, जो निजी खर्च पर डीटीआर रखवाने में असमर्थ हैं। पूर्व में जनसुनवाई के दौरान सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी आवेदन दिया गया था, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नया ष्ठङ्कक्र स्वीकृत कर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रतीक रघुवंशी, कांताबाई, गुड्डीबाई, शांतिबाई, वतीबाई, तनवी अहिरवार, प्रवेश अहिरवार, राईड अहिरवार, नेहा जाटव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।

ग्वाल टोरिया तालाब निर्माणः 25 परिवारों के दस्तावेज सर्वे से छूटे

गुना। जिले के बमोरी तहसील के ग्राम डिविया मानपुर में प्रस्तावित ग्वाल टोरिया तालाब निर्माण के दौरान सर्वे प्रक्रिया में भेदभाव और अनदेखी का मामला सामने आया है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टोरेट पहुँचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वंचित 25 परिवारों के दस्तावेज जमा कराने और सर्वे सूची में शामिल करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तालाब निर्माण को लेकर प्रशासन द्वारा सर्वे किया जा रहा है। इस दौरान कई परिवारों के मकानों पर नंबर दर्ज कर आधार कार्ड, पैन कार्ड और समग्र आईडी जैसे आवश्यक दस्तावेज ले लिए गए हैं। हालांकि, लगभग 25 परिवारों को जानबूझकर सर्वे से वंचित रखा गया है और मौके पर कोई जांच भी नहीं की गई।

वर्षों से पट्टे की जमीन पर मकान बनाकर कर रहे हैं गुजर-बसर

आवेदक दीपक, अजबार, उमर सिंह, कमलाश सहित समस्त ग्रामवासियों का कहना है कि वे वर्षों से पट्टे की जमीन पर मकान बनाकर अपने परिवार व बच्चों के साथ गुजर-बसर कर रहे हैं। यदि समय रहते उनके दस्तावेज जमा नहीं किए गए, तो भविष्य में विस्थापन के दौरान उन्हें शासन से मिलने वाले उचित मुआवजे और पुनर्वास जमीन आवंटन के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कराकर शेष बचे सभी 25 परिवारों के दस्तावेज जमा कराने की मांग की है।

आरोपः मधुसूदनगढ़ अस्पताल की घोर लापरवाही, प्रसव के दौरान महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में बदहाल व्यवस्थाओं और पैरामेडिकल स्टाफ की संवेदनहीनता का एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। मधुसूदनगढ़ स्थित शासकीय अस्पताल में कथित गलत इंजेक्शन लगाने और घोर लापरवाही के कारण प्रसूता की जान चली गई।

घटना के एक पखवाड़े बाद भी दोषियों पर कार्रवाई न होने से दुखी परिजनों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट जनसुनवाई पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी व्यथा सुनाई और मामले की उच्चस्तरीय जांच की गुहार लगाई। ग्राम कोलारस निवासी मुन्ना मोगिया ने कलेक्टोरेट में आवेदन देकर बताया कि 1 अगस्त को अपनी गर्भवती पत्नी मनसा मोगिया को प्रसव पीड़ा होने पर मधुसूदनगढ़ अस्पताल लाया गया था। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और नर्सों ने दर्द बढ़ाने के नाम पर दो भारी डोज के इंजेक्शन ठोंक दिए। डिलीवरी तो हो गई, लेकिन प्रसूता की हालत तेजी से बिगडऩे लगी और अस्पताल में ही उसकी सांसें थम गईं।

अपनी नाकामी और मौतों को छिपाने के लिए अस्पताल स्टाफ ने परिजनों से कहा कि महिला कोमा में चली गई है। आनन-फानन में कागजों पर अंगूठा लगवाकर उसे निजी वाहन से गुना रेफर कर दिया गया। जब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुँचे, तो डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया और बताया कि उसकी मौत काफी पहले हो चुकी है। मृतका अपने पीछे नवजात बच्ची समेत तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। मासूमों को दिलासा देने के लिए बुजुर्ग दादी झूठ बोलने को मजबूर हैं। मम्मी गुना गई हैं, जल्दी आ जाएंगी।

समाचार संक्षेप

रेलवे बोर्ड का आदेश होने के बाद भी परिवर्तित समय पर नहीं चल रही है बीना रुठियाई मेमू ट्रेन

गुना। बीना रुठियाई ट्रेन नंबर 61626 जिसका समय परिवर्तन कर रात्रि 8:30 पर परिचालन किए जाने का आदेश रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2026 को जारी कर दिया गया था, इसके एक दिन बाद 11 अगस्त 2026 को महा प्रबंधक कार्यालय द्वारा डीआरएम भोपाल को इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिया गया परंतु अभी तक गाड़ी संख्या 61626 का परिचालन रुठियाई से रात्रि 8:30 पर संभव नहीं हो पाया है। जानकारी अनुसार यह ट्रेन कब से परिवर्तन समय पर चलेगी इसे बताने में रेलवे अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं, उनका यह कहना है कि, अभी रेलवे विभाग द्वारा परिवर्तित समय से चलाने का निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है, कहीं ऐसा तो नहीं की फिर किसी नेता को बुलाने के चक्कर में कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा तैयार हो रही हो, क्योंकि आम जनता को हो रही परेशानी से किसी को कोई लेना देना दिखाई नहीं दे रहा है, सैकड़ों यात्री प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं। अब तो हद हो गई है कि, रेलवे बोर्ड का आदेश होने के बाद भी रुठियाई से परिवर्तन समय पर ट्रेन का संचालन नहीं हो पा रहा है यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है आम जनता की मांग पर यह कार्रवाई संपन्न हुई है फिर भी आम जनता अभी भी परेशान हो रही है। 27 जून को भेजे गए अनुशंसा पत्र पर रेल बोर्ड ने जारी किया है। आदेश गाड़ी संख्या 61626 का रुठियाई से चलने का समय जो पूर्व में निर्धारित किया गया था वह रात्रि 8:00 बजे है, इसे 8:30 के लिए जाने की मांग आम जनता द्वारा जब उठाई गई थी,उसके लिए गुना, अशोकनगर जिलों से पत्र व्यवहार महाप्रबंधक कार्यालय एवं रेल बोर्ड को किए गए, जिसके फलस्वरुप महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा 27 जून 2026 को रेलवे बोर्ड को समय परिवर्तन की अनुशंसा भेज दी गई थी, और मजेदार बात यह है कि 27 जून को ही गुना में इस ट्रेन का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद ने किया था।

ओमकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 14 से 20 अगस्त तक ही होगा रजिस्ट्रेशन

गुना। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नर्सिंग पाठयक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल, भोपाल द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बी.एससी. नर्सिंग, ए.एन.एम., जी.एन.एम., पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग एवं एम.एससी. नर्सिंग पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा। ओमकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रवेश एवं काउंसलिंग संबंधी मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यार्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया, पात्रता, कॉलेज एवं पाठयक्रम चयन तथा प्रवेश से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जाए, सत्र 2026-27 के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक केवल एक बार ही ओपन होगी, जो 14 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इच्छुक विद्यार्थियों को इसी निर्धारित अवधि में अपना रजिस्ट्रेशन पूरा करना होगा। इसके बाद रजिस्ट्रेशन लिंक उपलब्ध नहीं होगी। बी.एससी. नर्सिंग में प्रवेश के लिए पी एन एस टी उत्तीर्ण विद्यार्थी पात्र होंगे, जबकि अन्य नर्सिंग पाठयक्रमों में प्रवेश निर्धारित पात्रता के आधार पर किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बाद 22 अगस्त 2026 को पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके पश्चात विद्यार्थी 24 से 26 अगस्त तक अपनी पसंद के कॉलेज एवं पाठयक्रम के लिए चॉइस फीलिंग कर सकेंगे। प्रथम चरण का अलॉटमेंट लेटर 31 अगस्त 2026 को जारी किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि रजिस्ट्रेशन की सीमित अवधि को ध्यान में रखते हुए समय पर प्रक्रिया पूरी करें और काउंसलिंग से संबंधित किसी भी जानकारी या मार्गदर्शन के लिए ओमकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गुना में संपर्क करें।

कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक संपन्न

शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सभी विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं कृषि विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विभागवार लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, जनजातीय कार्य, राजस्व, पंचायत एवं कृषि विभाग को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को अनावश्यक लंबित रखना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को निर्देशित किया गया कि जिले में जहां भी पेयजल संबंधी समस्याएं हैं, उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान जेल विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा की गई। वन विभाग की अनुमति नहीं मिलने के कारण प्रारंभ नहीं हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित ब्लॉक के एसडीएम एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों की प्रथम किस्त की राशि आहरित होने के बाद भी 06 माह बीत जाने पर कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले संबंधित सचिव एवं इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को वर्षा ऋतु को देखते हुए तैयारियां के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध रूप से सडक़ काटने या बिना अनुमति क्षति पहुंचाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकता पडऩे पर जुर्माना भी लगाया जाए।

रामटेकरी तपोवन में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

स्वामी रामानंद विद्या संकुल, रामटेकरी तपोवन में 15 अगस्त 2026 को देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष, उल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामटेकरी मंदिर से पधारे संत मार्कंडेय महाराज एवं संतजन, विद्यालय के ट्रस्टी गोकुल दास बंगाड़, विद्यालय समिति के सदस्य रमेश सोनी एवं गोपाल मीणा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।समारोह में विधिवत ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर राष्ट्रगान के साथ देश के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति और वीर जवानों के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य रमेश जी सोनी ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए त्याग, संघर्ष एवं बलिदान के महत्व को समझाया।

राज्य कर्मचारी संघ ने सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय आह्वान पर भारत के केंद्रीय एवं राज्य में नियुक्त शिक्षकों की माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संदर्भित निर्णय शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कानून में आवश्यक सुधार हेतु अनुरोध कर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में तीन सूत्रीय ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव को सौंपा। सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव के साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेन्द्र गुप्ता कार्यालय प्रभारी सूर्यकांत जगताप एवं देवेन्द्र किरार पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में मौजूद थे। जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने बताया कि टेट परीक्षा को लेकर संपूर्ण भारत में सांसदों को ज्ञापन सौंपा गया है। इसी क्रम में जिला गुना में भी राज्य कर्मचारी संघ ने सांसद प्रतिनिधि को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन! सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जो भी आपके पत्र है उनको मे समय पर सांसद को भेजकर कर्मचारियों की हर समस्या का समाधान करवाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि को पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक पवन मेहता, भारतीय मजदूर संघ गुना के विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल ग्वाल और जिलामंत्री दीपक गुप्ता की देखरेख में दिया गया। इस अवसर पर राजकुमार रघुवंशी, प्रद्युम्न कुमार सोनी, सुरेश रघुवंशी, रविप्रकाश व्यास, खेमराजपाल, श्यामलाल, धाकड़,संतोष सक्सेना, राजकुमार सेलर आदि मौजूद थे।

राघोगढ़-गुना के पुजारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



राघौगढ़ नगर के रानी जी मंदिर में मंगलवार को गुना जिले के पुजारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में गुना जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पुजारी संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुजारीगण उपस्थित रहे। बैठक में पुजारी संघ के जिला अध्यक्ष लखन शास्त्री एवं संघ के संरक्षक महंत राघवेंद्र दास के नेतृत्व में शासन द्वारा मंदिरों की भूमि एवं भगवान की संपत्तियों को लेकर की जा रही कार्यवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।पुजारी संघ द्वारा शासन से पूर्व में भी बार-बार अनुरोध किया गया तथा ज्ञापन एवं पत्रों के माध्यम से अपनी मांग एवं आपत्ति शासन तक पहुंचाई गई, लेकिन इसके बावजूद यदि भगवान की भूमि एवं मंदिरों की संपत्ति पर जबरन कार्यवाही अथवा नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है, तो यह समस्त पुजारी समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय है।बैठक में उपस्थित सभी पुजारीगण ने एक स्वर में संकल्प लिया कि भगवान की भूमि एवं मंदिरों की संपत्ति की रक्षा के लिए पूरा पुजारी समाज एकजुट होकर संघर्ष करेगा। इसी क्रम में आने वाले समय में गुना जिला मुख्यालय पर एक बड़ा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिलेभर के पुजारी एवं संत समाज बड़ी संख्या में शामिल होंगे।पुजारी समाज की एकता ही हमारी शक्ति है। भगवान की भूमि एवं मंदिरों की संपत्ति की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

मंडी प्रांगण में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई

कुंभराज। साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और रचनात्मक गतिविधियों को समर्पित सरोवर संस्था के तत्वावधान मे श्रावण शुक्ला सप्तमी, बुधवार को महाकाव्य रामचरितमानस के रचियता और महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती के उपलक्ष मे, कृषि मंडी प्रांगण मे प्रतिभा सम्मान, मानस मनीषी सम्मान एवं मानस पर आधारित प्रश्न मंच, मानस मनीषी यों का उद्बोधन के साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण तथा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस आशय की जानकारी देते हुए सचिव आशीष कासट ने बताया कि इस 39 वे वर्ष प्रवेश होने वाले आयोजन के प्रायोजक अपने दादाजी स्व. रामवललभ कासट की स्मृति मे हिमांशु और रोहित कासट प्रतिभाओ को पुरस्कार प्रदान करेंगे. इस दिव्य और भव्य आयोजन मे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि कविता पाठ करेंगे।

जाना सिग्नल प्रणाली और रेल संचालन का ज्ञान

टीएवी हा.से. स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रेलवे स्टेशन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत रेलवे स्टेशन ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रेलवे संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं सिग्नल प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

वहीं स्टेशन मास्टर अरविंद कुमार मिश्रा एवं रेलवे के स्टाफ द्वारा रेलवे स्टेशन पर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के रेलवे सिग्नलों के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्हें बताया गया कि अलग-अलग सिग्नलों का क्या अर्थ होता है, उन्हें किस प्रकार पढ़ा और समझा जाता है तथा ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में सिग्नलों की क्या भूमिका होती हैं। विद्यार्थियों ने रेलवे स्टेशन पर ट्रैक, प्लेटफॉर्म, सिग्नल व्यवस्था एवं ट्रेन संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। बच्चों ने उत्सुकता के साथ रेलवे की कार्यप्रणाली को समझा और अपने प्रश्न पूछकर जानकारी हासिल की।

स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद जैन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को रेलवे की कार्यप्रणाली, सिग्नल प्रणाली एवं यात्री सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य टीना गुप्ता, सीईओ पुनीत जैन,कार्यक्रम संयोजक खेल प्रशिक्षक जावेद खान, शिक्षक आदि जैन, विशाल दांगी, राज लोधी, वाहिद खान, अभिषेक यादव, सहित विद्यालय का स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ग्राम भैंसा में मंदिर की मूर्ति खंडित करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तहसील के ग्राम भैंसा में प्राचीन काली माता मंदिर की करीब दो फीट की मूर्ति को मंदिर से उखाड़कर फेंकने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

ग्रामीणों के अनुसार, धर्म सिंह केवट ने गत रात्रि मंदिर में स्थापित काली माता की मूर्ति को उखाड़कर बाहर फेंक दिया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज करने का भी आरोप है। इसी दौरान उसके चाचा गुड्डा केवट के धारदार कुल्हाड़ी लेकर ग्रामीणों को धमकाने और मारने पर उतारू होने की बात सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री बढ़ने के कारण इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ पुलिस को आवेदन देकर गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।



कावड़ियों ने भगवान शिव का किया जलाभिषेक

अशोकनगर। हर साल की तरह इस बार भी नईसराय में कावड़ यात्रा निकालकर आशुतोष भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया कांवड़िए रविवार दोपहर कस्बे से 40 किलोमीटर दूर केदारनाथ धाम पर जल भरने निकले थे जो सोमवार सुबह नईसराय पहुंचे जहां म्याना तिराहे पर नगर वासियों ने कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद डीजे की धुन पर कांवड़ यात्रा म्याना रोड़, बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए निकली कावड़ यात्रा में आगे आगे डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर युवा नाचते हुए चल रहे थे जबकि उनके पीछे कांवड़िया अपने कंधों पर कावड़ लेकर शामिल थे सबसे पीछे सैकड़ो की संख्या में महिलाएं मंगल गीत गाते हुए शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी विभिन्न मोहल्लों से होते हुए कावड़ यात्रा शीतला माता मंदिर परिसर स्थित भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंची जहां सभी कांविड़यों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

रोटरी क्लब ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रोटरी क्लब ने देश की स्वतंत्रता का पर्व बड़े ही गरिमामय समारोह पूर्वक मनाया साथ में इनर व्हील सदस्याओं ने भी सहभागिता की रोटरी के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने बताया कि रोटरी भवन में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया गया रोटरी अध्यक्ष विजय चैधरी ने ध्वज को सलामी दी, सभी सदस्यों ने राष्ट्रगीत गाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ रोटेरियन रोशन कोहली ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डाला तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। अमित गोईल ने देश की प्रगति में रोटरी के योगदान तथा अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब के गठन पर प्रकाश डालते हुए सभी से राष्ट्र सेवा करने का आव्हान किया। सुधीर गुप्ता ने देश के सैनिकों को नमन करते हुए राष्ट्र प्रेम से भरी कविता का पाठ किया। स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से रोटरी खेल मैदान में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. राकेश जैन,रोशन कोहली बी.डी. गुप्ता, सुभाष जैन कैंची, अजीत कुमार जैन, राजेश सेठ,विष्णु अग्रवाल,सुधीर गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

लगातार 07 माह से प्रदेश में प्रथम स्थान पर बरकरार

अशोकनगर पुलिस सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी माह जुलाई 2026 की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार पुनः पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि जिला अशोकनगर विगत 07 माह से लगातार इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए हुए है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि केवल विभागीय कार्यकुशलता का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों को प्रदान की जा रही सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित पुलिस सेवाओं का प्रमाण है। पुलिस द्वारा तकनीक के प्रभावी उपयोग से पारंपरिक पुलिसिंग की सीमाओं को समाप्त कर सेवाओं को आमजन के मोबाइल तक पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए थे कि थाना स्तर पर पंजीबद्ध अपराधों, विवेचना, आरोपियों, गवाहों, जब्ती, निराकरण एवं अन्य विधिक कार्यवाहियों से संबंधित जानकारी सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में उपयुक्त, शुद्ध एवं तथ्यात्मक रूप से एवं समय पर दर्ज की जाए। साथ ही डाटा क्वालिटी एवं डाटा क्वांटिटी के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से जोर दिया गया।

अखंड भारत संकल्प दिवस उत्साह और राष्ट्रभावना के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सकल हिंदू समाज द्वारा उज्जवल कॉन्वेंट स्कूल में अखंड भारत संकल्प दिवस उत्साह और राष्ट्रभावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए "अखंड भारत" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अखंड भारत की संकल्पना, गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अपने देश के गौरवशाली इतिहास और अखंड भारत की संकल्पना को समझना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. दीपक मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को अखंड भारत का संकल्प दिलाया। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे तथा भारत की महान सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।

जिला अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए और सदैव राष्ट्र का चिंतन करना चाहिए। वहीं कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी ने कहा कि जब देश की युवा पीढ़ी राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत होकर आगे बढ़ेगी, तभी भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री हेमंत जैन ने किया। निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रद्धा मीणा, द्वितीय स्थान लकी बेलीदा तथा तृतीय स्थान आयुषी रघुवंशी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने "अखंड भारत" के संकल्प को दोहराते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को सर्वोच्च रखने का संकल्प लिया।

और स्कूल को सांदीपनी विद्यालय में मर्ज किए जाने का विरोध किया

स्कूली छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक के छात्र छात्राओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया, उनकी मांग थी कि उनके विद्यालय को 7 किलोमीटर दूर सांदीपनी विद्यालय में मर्ज किया जा रहा है। जिसे लेकर उन्होंने मर्ज किए जाने का विरोध किया, स्कूली बच्चों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

स्थानीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 तुलसी सरोवर के समीप वायपास रोड पर है, इस स्कूल में आसपास की कॉलोनियों और समीप के ग्रामों के बच्चें पढ़ने के लिए स्कूल आते हैं। यह विद्यालय सांदीपनी विद्यालय में मर्ज किया जा रहा है, लेकिन न तो छात्र छात्राएं जाने के लिए तैयार है और न ही बच्चों के अभिभावन अपने बच्चों को इतने दूर भेजने के लिए तैयार हैं। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान कहा गया कि छात्र छात्राओं के आने के लिए स्कूल बस की व्यवस्था की जा रही है, जब तक स्कूल बस की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक स्कूल को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। इस दौरान छात्र छात्राओं ने बारी बारी से समस्याएं बताईं, जिन्हें अधिकारी भी सुनते रहे। इस दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट आलोक श्रीवास्तव, डीपीसी राहुल शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान छात्र संगठन डीएसओ के सदस्य भी प्रदर्शन में भी शामिल हो गए। यह मामला अकेले एक स्कूल का नही है, ऐसे अनेक स्कूल हैं जिन्हे सांदीपनी विद्यालय में मर्ज किया जा रहा है, जहां सांदीपनी विद्यालय बना है वह शंकरपुर टोरिया इलाके में आता है। आस पास के ग्रामीण अंचलों के स्कूलों को मर्ज किया जाए वहां तक तो ठीक है लेकिन शहर में जो स्कूल लंबे समय से चल रहे हैं उन स्कूलों को खत्म कर सांदीपनी विद्यालय में भेजा जाना समझ से परे हैं।

खबर संक्षेप

कुए में डूबने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम रांवसर निवासी सुखदेव पुत्र रामवीर सिंह यादव उम्र 24 साल की कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

अशोकनगर। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में 19 अगस्त को सायं 05 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खनियांधाना निवासी अरबिंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीराम, सुरेन्द्र सिंह, महेश जाटव निवासी पिछोर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी लालू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल, जितेन्द, सचिन और यशवंत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शिशुपालसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालू, सोनम, रीना और आकाश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी रविन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अशोक बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन 20 अगस्त को

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर श्रृंखलाबद्ध रूप से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर 20 अगस्त को दोपहर 12 बजे से नवीन कृषि उपज मंडी, अशोकनगर में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले के किसानों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। महोत्सव के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों एवं नवीन आयामों से परिचित होने का अवसर मिलेगा। बलराम कृषि महोत्सव के दौरान कृषि एवं संबद्ध विभागों की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केंद्रित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित नवीन तकनीकों एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की जाएगी।

गुना-अशोकनगर जिले की जनता लंबे समय से कर रही है इंतजार

रूठियाई बीना ट्रेन का समय आज तक नहीं बदला, इंतजार कब तक?

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रूठियाई बीना ट्रेन का समय बदलने की वाह वाह लूटने वाले नेता अखबारों की सुर्खियों में रहे, शोसल मीडिया में छाए रहे कि जनता की मांग पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्रेन का समय बदलवा दिया है अब यह ट्रेन रूठियाई से रात 8 बजे के स्थान पर 8.30 बजे चलेगी, लेकिन आज दिनांक तक ट्रेन का समय बदला नहीं हुआ। गुना, अशोकनगर जिले की जनता को ठगा गया। इन्दौर से आने वाले यात्री रूठियाई में ट्रेन न मिलने से परेशान हो रहे हैं।

इंदौर के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं

अशोकनगर जिले से इन्दौर जाने के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है, जो इन्दौर जबलपुर ट्रेन चलती थी उसे बंद कर दिया गया है। आजादी के बाद से आज तक प्रदेश के महानगर इन्दौर तक जाने के लिए यात्री भटक रहे हैं। अपने नेता की क्षमताओं का आकलन कर रहे हैं कि आखिर इतने क्षमतावान केन्द्रीय मंत्री होने के बाद इन्दौर के लिए सीधी ट्रेन क्यों नहीं मिल रही। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा जो कोटा इन्दौर ट्रेन व्हाया रूठियाई के रास्ते चलाई गई थी, उसी ट्रेन से जोड़ने के लिए यह ट्रेन चलाई गई है लेकिन इन्दौर वापिस कोटा जाने वाली ट्रेन का समय रूठियाई में रात 8.20 बजे का है, जबकि रूठियाई बीना चलाई गई तब पहली गलती यह की गई कि ट्रेन का समय 8.40 करने के स्थान पर 8 बजे किया गया।

ट्रेन का समय आज भी नही बदला , यात्री हो रहे परेशान

दूसरी गलती फिर हुई कि ट्रेन का समय बदलने की नई समय सारिणी जारी की गई जिसमें ट्रेन के रूठियाई से छूटने का समय 8.30 बजे किया गया और अशोकनगर 9.50 बजे आने का समय निर्धारित किया गया। जब यात्री इस ट्रेन को पकड़ने के लिए अशोकनगर स्टेशन पर पहुंच रहे हैं तो ट्रेन समय से पहले ही छूट जाती है।

समय सारिणी जारी हुई लेकिन दिनांक तय नहीं

इस संबंध में जब स्टेशन मैनेजर केएल मीणा से चर्चा की गई तब उन्होंने बताया कि अभी तक ट्रेन का कोई समय नहीं बदला है। ट्रेन आज भी रात 8 बजे ही रूठियाई से चल रही है, उनका कहना था कि जो नई समय सारिणी जारी की गई है उस समय सारिणी के लेटर में नीचे लिखा है कि समय बदलने की तिथि तय की जाएगी, अभी तिथी तय नहीं हुई है। जब तक तिथि तय नहीं होती तब तक ट्रेन का

वाही वाही लूटने के बाद सुध लेने वाला कोई नहीं

जो ट्रेन का समय बदलने की वाही वाही लूटी गई थी उसके कारण अखबारों में खबर पढ़ने और शोसल मीउिया पर हुए प्रचार प्रसार के बाद यात्री इस ट्रेन से आने लगे लेकिन रूठियाई में उनके साथ धोखा हो रहा है, ट्रेन पहले ही निकल आती है और यात्री रूठियाई में परेशान हो रहे हैं। लोगों को समझ नहीं आ रहा कि आखिर उनके साथ यह क्षल क्यों हो रहा है। एक बात यह भी समझ नहीं आ रही कि 8.30 का समय क्यों किया गया जबकि 8.40 का समय होना चाहिए था।

इन्दौर जबलपुर, या झांसी इन्दौर ट्रेन चलाई जाए

अगर मान लीजिए इन्दौर से आने वाली ट्रेन 10 मिनट भी लेट हो जाती है और रूठियाई से बीना आने वाली ट्रेन अगर छूट जाती है तो यात्रियों का क्या होगा, इस पर भी विचार करते की जरूरत है। ऑनलाईन मोबाइल एप पर भी समय सारिणी अपडेट नहीं हुई है। आखिर कब तक यहां की जनता को इस तरह से परेशान होना पड़ेगा, अब तो लोगों की मांग सीधी एक है कि इन्दौर जबलपुर ट्रेन को फिर से चलाया जाए या फिर झांसी इन्दौर नई ट्रेन चालू की जाए।

भारतीय मजदूर संघ का देशव्यापी आंदोलन

अशोकनगर में धरना प्रदर्शन व रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा



अशोकनगर। भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर दौरा तहसील प्रांगण अशोकनगर मै एकत्रीकरण व एक विशाल आमसभा करके तहसील प्रांगण से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। देश के श्रमिक/कर्मचारी वर्ग की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा वेतन सुधार और श्रम संहिताओं संशोधन हेतु आदि मांगे भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले एवं भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर के जिला अध्यक्ष हरिसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में आंदोलन किया गया। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शिशुपाल सिंह यादव द्वारा किया गया।

खास बातें

- श्रमिको हेतु न्यूनतम वेतन 30,000 प्रतिमाह निर्धारित किया जाये।
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत मिलने वाले चिकित्सा और नगद लाभों का दायरा बढ़ाने के लिए मौजूदा मासिक वेतन की सीलिंग 21,000 से बढ़ा कर 42,000 किया जाए।
- सेवा निवृत्त कर्मचारियो के लिए न्यूनतम पेंशन 7500 प्रतिमाह के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता पेशन के साथ जोड़ा जाए एवं चिकित्सा योजना सभी को दिया जाए।
- भविष्य निधि अंशदान के लिए अनिवार्य वेतन सिलिग को 15,000 से बढ़कर 30,000 किया जाए।
- बोनस की गणना के लिए वर्तमान 7000 से बढ़ाकर (18,000) किया जाए।
- बोनस पात्रता वेतन सीमा को 21,000 से बढ़ाकर 42,000 किया जाए।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आगनवाडी सहायिका, गिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता और

लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब का शपथ विधि समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई



लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी पीएमजेफ पीडीजी लायन अशोक ठाकुर, विशिष्ट अतिथि रहे। डीईओ मधु शर्मा, रीजन चेयरपर्सन एमजेफ अंजू जग्गी एवं जोन चेयरपर्सन निधिश सोलंकी प्रोग्राम कॉर्डिनेटर एवं रीना मनोज शर्मा रहीं। जिसमें नई कार्यकारणी को शपथ दिलाई गई।

संतोष चंदेल अध्यक्ष, कविता साहू और वैशाली सलूजा डायरेक्टर बनीं

कार्यक्रम में एमजेएफ वैशाली सलूजा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मल्टीपल अवॉर्ड एवं इंटरनेशनल पिन से सम्मानित किया गया। नई कार्यकारिणी में संतोष चंदेल को अध्यक्ष पद पर, मिथलेश यादव को सचिव पद पर एवं रीना यादव को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। कविता साहू एवं वैशाली सलूजा को डायरेक्टर पद पर। साथ ही किरण कुशवाह को प्रथम उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना को द्वितीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रीना मनोज शर्मा को टेल ट्विस्टर एवं टेमर पद पर प्रियंका मेहता को पीआरओ एवं मेंबर चेयरपर्सन पद पर नियुक्त किया गया। लखन यादव और चंद्रेश यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में जोया नाम की थैलीसीमिया से पीड़ति बच्ची को नव निर्वाचित अध्यक्ष संतोष चंदेल द्वारा आर्थिक सहायता की गई। तोरण सिंह, कुसुमल बाई एवं महेंद्र शर्मा को वरिष्ठ नागरिक के तौर पर सम्मानित किया गया।

प्राची लोधी को सम्मानित किया गया

प्राची लोधी नामक बच्ची जिसने लगातार तीन वर्षों से राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है साथ ही राज्य स्तर पर 2 बार गोल्ड एवं 1 बार ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें बार काउंसिल के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू,रोशन कोहली, डॉ जयमंडल, डॉ राजेश कुमार, मनोज कांसल,सुनील अग्रवाल, विष्णु शर्मा,सीमा अग्रवाल, डॉ अमिता सेठी, डॉ रजनी शुक्ला साथ ही अन्य क्लब और संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन कर रही वैशाली सलूजा एवं प्रियंका मेहता ने लायंस इंटरनेशनल की नव वर्ष की थीम सेवा में निहित के बारे में जानकारी दी। सभी मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। रीना यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा नई कार्यकारिणी को शानदार सत्र की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सेहराई महाविद्यालय में संवाद कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय सेहराई में आई क्यूएसी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि बंटवारे की चाहत और बीज आज भी मौजूद हैं, यह आवश्यक है कि विभाजन की विभीषिका को हम याद रखें ताकि हम नए बंटवारे का शिकार न हो जाएं। उन्होंने कहा कि विभाजन के दर्द को हम भूल गए, जिसके चलते देश के समक्ष नए तरह के विभाजनों के खतरे मंडराने लगे. भाषा के नाम पर झगड़े, क्षेत्रवाद, जिहादी शक्तियां और पूर्वोत्तर का अलगाववाद इसका उदाहरण हैं, इसलिए विभाजन विभीषिका को याद रखना प्रासंगिक और बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश का बंटवारा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं, अस्मिता, धरोहरों आदि का भी विभाजन हुआ, यह एक बड़ी त्रासदी थी।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह देश के समक्ष खतरों और चुनौतियों को समझते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहें। डॉ रविन्द्र कुमार रीतोरिया ने विभाजन के दौरान महिलाओं पर अपहरण, दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन जैसे अत्याचारों का उल्लेख किया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों से नफरत, हिंसा और वैमनस्य से दूर रहने तथा ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने का संकल्प लेने का आग्रह किया। और कहा कि देश प्रथम का भाव हो आपके मन में। डॉ संध्या अहिरवार ने भारत के विभाजन को अभूतपूर्व मानव विस्थापन की दर्दनाक कहानी बताया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. विनोद कुमार गौतम ने कहा सरकार का विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का फैसला बहुत सराहनीय है, पूर्व में इस पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके फलस्वरूप लोग बंटवारे के दर्द को भूल गए।

नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। विशेष न्यायालय जिला अशोकनगर द्वारा 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड करने वाले आरोपी संतोष पुत्र प्रभूलाल आदिवासी उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्र.02 गोरा घाट यादव कालोनी अशोकनगर को 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारीजिला अभियोजन संचालनालय ने बताया कि अभियोजन कहानी के दिनांक 01/01/2025 को फरियादिया/नाबालिग बालिका जिसकी उम्र 14 साल ने हमराह अपनी मां और पिता के साथ थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि आज शाम लगभग 6.30 बजे की बात है। वह डिग्री कालेज के पास लैट्रिन करने गयी थी जैसे ही वह कालेज के पास पहुंची तो संतोष आदिवासी ने पीछे से आकर बुरी नियत से छेड़ छाड़ फिर वह अपने घर आ गयी और वह अपने माता-पिता के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने पर आयी। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाने पर धारा 74 बी.एन.एस. एवं 7/8 पोक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया।

भोले बाबा मंदिर पर सुंदरकांड व भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर राय मोहल्ला स्थित भोले बाबा मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार राय एवं समस्त राय परिवार रहे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया



तथा भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या में शीलचंद कटारिया, तुलसीराम विश्वकर्मा, राजेश सोनी, तुलसीराम राय (शिक्षक), हरि नारायण राय, मोनू ओझा (सिंगर) सहित समस्त संगीत मंडली ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बना दिया। कार्यक्रम डी.जे. साउंड द्वारा भी शानदार ध्वनि व्यवस्था की गई, जिससे पूरा आयोजन सफल एवं आकर्षक रहा। इस अवसर पर राय मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भोले बाबा के जयकारों और भक्ति संगीत से गूंजता रहा। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को जन-जन तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव रहे। विशष्ट अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता ने की इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया और लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। विशेष बात यह कि ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय को ग्यारह ट्री गार्ड एवं पौधे दान दिए गए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में विभिन्न प्रजातियों के कुल 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इनमें मुख्य रूप से आम,जाम, जामुन पाम, चांदनी, चंपा, गुडहल, रबड़, मीठी नीम, पीपल, अशोक, विद्या ,गुलाब, कटहल, मधुबनी, अमरुद, कनेर रातरानी मोगरा बोतल पाम सहित अनेक फलदार पौधे शामिल थे। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे के साथ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समिति सदस्य, स्वयंसेवकों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता की। विधायक ब्रजेन्द्र यादव ने कहा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवसीय गतिविधि न मानकर इसे निरंतर चलने वाला सामाजिक दायित्व बने। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



शहर में शांति, विश्व कल्याण और अच्छी वर्षा के लिए की पूजा-अर्चना


अशोकनगर। सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन की ओर से विश्व शांति, शहर में सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा एवं शांति बनी रहने की मंगलकामना को लेकर श्रद्धापूर्वक शिव परिवार पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में संगठन की महिला सदस्यों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ 11 शिवलिंगों का निर्माण किया। इसके पश्चात सभी शिवलिंगों की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई तथा रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से विश्व कल्याण, देश की सुख-समृद्धि, पर्याप्त वर्षा एवं शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रार्थना की गई। महिलाओं ने विभिन्न स्वरूपों में शिवलिंगों का निर्माण कर श्रद्धापूर्वक भगवान शिव की आराधना की। पूजा-अर्चना के उपरांत विधि-विधान से शिवलिंगों का विसर्जन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए धर्मलाभ अर्जित किया। सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता पर्व के अवसर पर राष्ट्र, समाज एवं संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करना रहा। आयोजन के अंत में सभी महिलाओं ने देश की उन्नति, जन-जन की सुख-शांति तथा शहर में सद्भाव और समृद्धि की मंगलकामना की। स्मोक पर अध्यक्ष अंजना दुबे सचिव वंदना पाराशर उपाध्यक्ष रानी राजोरिया रुचि शर्मा मार्गदर्शिका उमा दुबे साधना शर्मा राखी तिवारी वंदना ंदनलं डॉक्टर रजनी शुक्ला उपस्थित रहीं।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने 187 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 187 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में ग्राम बरखेडा निवासी अमरसिंह द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने,ग्राम राजेबामोरा निवासी कल्लू चिढार द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,ग्राम बहेरिया निवासी भगोबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम पारसौल निवासी मिथलेश यादव द्वारा आईडी कम्प्यूटर पर अमल कराये जाने,ग्राम महुआखेडा निवासी विजयसिंह पाल द्वारा इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम आमखेडा निवासी नंदकुमार कुशवाह द्वारा बी.पी.एल सूची में नाम दर्ज कराये जाने,ग्राम ढाकोनी निवासी हरिराम सेन द्वारा नकल की कापी दिलाये जाने,ग्राम डंगोराफूट निवासी सुखविंदर सिंह द्वारा बिजली बिल अधिक आने,ग्राम तूमैन निवासी रामवीर सेन द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम प्यासी निवासी मलखान यादव द्वारा भूमि का कब्जा छुडवाये जाने,ग्राम बासखेडी निवासी नारायण अहिरवार द्वारा गैस सिलेण्डर दिलाये जाने सहित अन्य समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।

आर्थिक सहायता राशि का दिया चेक

ग्राम बरखेडा भोगी निवासी माधौसिंह आदिवासी द्वारा मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष अपना आवेदन देते हुए बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण परिवार का भरण पोषण नही होने पर उसे आर्थिक सहायता दिलाई जाएं। कलेक्टर द्वारा आवेदक की आर्थिक स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जिला रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा आवेदक को 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

सबूतों व गवाहों के आधार पर राजगढ़ न्यायालय ने सुनाया फैसला

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिली उम्रकैद की सजा, एक आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। करीब 6 साल तक कोर्ट में चले प्रकरण उपरान्त तमाम सबूतों एवं गवाहों की बिना पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है जिस पर ट्रायल इन एबसेंटिया के तहत कार्यवाही करते हुए दंडित करवाया जाएगा।

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 20 फरवरी 2020 को पीड़ता की मां ने नरसिंहगढ़ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनकी बेटी को रवि नाम का युवक भगाकर ले गया है। अक्टूबर माह में पीड़ता ने चुपके से अपने पिता को फोन कर बताया कि अभियुक्त दिनेश उसे जबरन अपने साथ रखे हुए है और वह गुजरात के नैनपुर गांव में है। बाद में पीड़ता के पिता और पुलिस टीम नैनपुर पहुंची और खेड़ा(गुजरात) स्थित मेहमदाबाद क्षेत्र के नैनपुर गांव से पीड़ता को दस्तयाब कर लिया। जब नरसिंहगढ़ में पीड़ता से पूछताछ में उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाले रवि ने बोला था कि वह उससे शादी करना चाहता है, यदि वह शादी नहीं करगी तो वह प्राण त्याग देगा। इसके बाद पीड़ता घर से बिना बताए रवि के साथ गांधीधाम, गुजरात चली गई। यहां रवि ने पीड़ता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

लॉकडाउन के कारण छूटा आरोपी का काम

पीड़ता, अभियुक्त रवि के साथ 3 माह तक रही किंतु तभी लॉकडाउन के कारण कंपनी बंद हो गई और वो पीड़ता के साथ



अहमदाबाद आया। बाद में दोनों ने वापस नरसिंहगढ़ आने का निर्णय लिया। दोनों सड़क के किनारे खड़े होकर ट्रक को रोकने के लिए हाथ देना प्रारंभ कर दिया। वहीं, पर अभियुक्त दिनेश राजपूत की मुलाकात इनसे हुई जिसने काम दिलवाने का झांसा दिया। रवि, दिनेश की बातों में आ गया और गोधरा (गुजरात) में बस स्टेण्ड के पास एक मंदिर में अभियोक्त्री को अभियुक्त रवि ने बैठा दिया और अभियुक्त दिनेश के साथ कमरा देखने के लिए चला गया किंतु रवि उस मंदिर में वापस नहीं आया।


दूसरे आरोपी ने भी झांसे में लेकर किया दुष्कर्म

अभियुक्त दिनेश सिसोदिया ने उस मंदिर में आकर अभियोक्त्री से कहा कि रवि तुझे छोड़कर चला गया है। इसके बाद अभियोक्त्री को अभियुक्त दिनेश गोधरा (गुजरात) से अपने साथ नैनपुर ले गया और जबरदस्ती अपनी पत्नी बनाकर 5 महीने तक रखे रहा। एक दिन अभियोक्त्री को अवसर मिला तो उसने अपने पिता को नैनपुर में होने की बात बताई। बाद में पीड़िता द्वारा किसी तरह जब नरसिंहगढ़ फोन लगाया गया तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। यहां नरसिंहगढ़ थाने में धाराओं सहित आरोपी दिनेश का नाम एफआईआर में बढ़ाया गया। इसी मामले में रवि जहां फिलहाल फरार है वहीं न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपी दिनेश सिसोदिया को 23 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। फरार आरोपी रवि के फरार होने से उस पर ट्रायल इन एबसेन्टिया के तहत कार्यवाही की जाकर दंडित किया जाएगा।

किसानों के हित में कांग्रेस ने भरी हुंकार कलेक्ट्रेट के पास धरना देकर सौंपा ज्ञापन

पार्वती परियोजना भूअर्जन की विसंगतियों को खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़



क्षेत्र की पार्वती परियोजना के भू-अर्जन मामलों में कई तरह की विसंगतियों के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट के समीप धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की समस्याओं और उनके हितों के लिए दिए गए इस धरने में जिला पदाधिकारी शामिल हुए। बाद में मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सुठालिया सिंचाई परियोजना के कारण राजगढ़ एवं गुना जिले के विभिन्न ग्रामों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।

परियोजना के कारण कृषि भूमि, मकान, कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, सिंचाई पाइपलाइन सहित अन्य परिसंपत्तियां प्रभावित हुई हैं। इसके चलते अनेक परिवारों के सामने उचित मुआवजा एवं पुनर्वास का गंभीर प्रश्न खड़ा है। मांग रखी गई कि सभी पात्र प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए। इसके साथ ही परिवार आईडी एवं विस्थापन संबंधी लंबित लाभ पात्र परिवारों को प्रदान किए जाएं।

ज्ञापन में यह भी रखी गई मांगे

जिला कांग्रेस के ज्ञापन में मांगे रखी गई कि कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, फलदार वृक्ष, सिंचाई पाइपलाइन एवं अन्य परिसंपत्तियों के लंबित मुआवजे का शीघ्र भुगतान किया जाए। राजगढ़ जिले में ग्राम टोड़ी, निवारा एवं गुर्जरखेड़ी के हितग्राहियों को मकानों की लंबित मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। परियोजना के अंतर्गत ग्राम टोड़ी के 24 मकानों एवं ग्राम गुर्जरखेड़ी के 03 मकानों को पूर्णतः प्रभावित मानते हुए उनका पुनः परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार शीघ्र मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे शासन से रखी गई हैं।

सारंगपुर से जल लेकर खुजनेर पहुंची कांवड़ यात्रा, प्राचीन शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭|खुजनेर

श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को नगर खुजनेर पूरी तरह शिवमय हो गया प्राचीन शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में 12वें वर्ष भी परंपरागत कावड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई समिति के अनुसार श्रद्धालु नगर खुजनेर से सारंगपुर स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे वहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद कपिलेश्वर महादेव मंदिर से कावड़ में पवित्र जल भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के संकल्प के साथ कावड़िए पैदल खुजनेर के लिए रवाना हुए। कंधों पर कावड़ लेकर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए कावड़िए नगर की ओर बढ़े रास्ते भर भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने शिव भक्ति के गीत गाए नगर में प्रवेश पर कावड़ यात्रा के साथ भगवान शिव की आकर्षक झांकी भी निकाली गई नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई प्राचीन शिव मंदिर पहुंची जहां कावड़ियों ने कावड़ में लाए गए पवित्र जल से प्राचीन शिवलिंग का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई श्रद्धालुओं ने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की प्राचीन शिव मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से लगातार इस कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है

शिव मंदिरों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नगर में स्थित शिव मंदिरों पर सावन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे नगर के शिमला बस स्टैंड स्थित नीलकंटेश्वर महादेव प्राचीन शिव मंदिर राजगढ़ बायपास स्थित शिव मंदिर सांवलिया सेठ मंदिर स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों पर भोलेबाबा का आकर्षक श्रृंगार महाआरती का आयोजन किया गया है

डाक कांवड़ यात्रा ने नरसिंहगढ़ छोटे महादेव से 100 किमी पैदल चलकर छांपी बांध पर किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭|जीरापुर

नगर में पहली बार श्री हटीले हनुमान गो रक्षा दल के तत्वावधान में 'डाक कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। गो रक्षा दल जीरापुर के सदस्य नरसिंहगढ़ स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक छोटे महादेव मंदिर पहुंचे। वहां से जल भरकर डाक कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई। कांवड़िए लगभग 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल तय कर जीरापुर नगर स्थित शिवशंकर महादेव ताल मंदिर, छांपी बांध पहुंचे।

नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

इस दौरान कांवड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया। भक्त हर हर महादेव और जय श्री राम जय गो माता के जयकारों के साथ चल रहे थे। अंत में छांपी बांध पर पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया। डाक कांवड़ यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और गो माता की सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा।

संगठनात्मक विस्तार और समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया

दांगी-डांगी क्षत्रिय महासंघ भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭|जीरापुर

दांगी-डांगी क्षत्रिय महासंघ भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन मण्डफिया दरबार रिसोर्ट श्री सांवलिया मंदिर राजस्थान में आयोजित हुआ । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर द्वारा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि माधवसिंह दांगी पूर्व चेयरमेन फार्म एवं बीज विकास निगम भोपाल, शिरोमणी सिंह दांगी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, डां. हीरालाल मोर्य उपाध्यक्ष, पुष्करलाल दांगी विधायक मावली, उदयपुर, राजस्थान, सुनीता दांगी महिला विकास निगम चेयरमेन हरियाणा, डां. रामप्रसाद दांगी पूर्व विधायक खिलचीपुर, रामचन्द्र दांगी पूर्व विधायक , दलीचन्द दांगी पूर्व विधायक मावली उदयपुर , विशिष्ट अतिथि गुलाबसिंह दांगी प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश, मेघराज दांगी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, तोरणसिंह दांगी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश, अशोक दांगी राष्ट्रीय



अध्यक्ष युवक संघ भारत, ओम दांगी , देवेन्द्रसिंह दांगी , पंकज पटेल , बालचन्द दांगी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष म.प्र., रवि दांगी अध्यक्ष युवक संघ म.प्र, भागचन्द दांगी झालावाड के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की जानकारी देते हुए महासंघ के राष्ट्रीय सचिव हुकुमचंद राठौर ने बताया की बैठक के दौरान संगठनात्मक विस्तार ओर समाज हित से जुडे विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित किए। जिनमें महत्वपूर्ण रूप से महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतु श्रीमति सुनीता दांगी महिला विकास निगम चेयरमेन हरियाणा को नियुक्ति प्रदान की गई। तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी बैठक अलग-अलग प्रान्तों में करने का निर्णय लिया गया।

पटवारी संघ की राजगढ़ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

राजस्व विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पटवारियों की एक अहम बैठक मंगलवार को खोयरी महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन के आगामी क्रियाकलापों की रूपरेखा तैयार करते हुए राजगढ़ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गठित इस कार्यकारिणी में मोहन सिंह उमठ को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही भंवरलाल चैहान को सचिव की जिम्मेदारी सौंपते हुए अंकित खरे को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इसी तरह सुमित मेवाड़े कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। बैठक के दौरान गठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे पटवारियों के हितों एवं एकजुटता के लिए हमेंशा कार्य करेंगे। इसके साथ पटवारी संघ की शासन स्तर पर लंबित मांगों के संबंध में क्या, कुछ अच्छा किया जा सकता है इसके लिए समय-समय पर साथी पटवारियों के साथ सांमजस्य बैठाकर कार्य करेंगे। तहसील के अन्य पटवारियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कलेक्टर ने हत्या के आरोपी का शस्त्र लाइसेंस किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

कुछ दिनों पूर्व तलेन क्षेत्र में हुए जमीनी विवाद में शाजापुर एसपी कार्यालय में पदस्थ एएसआई द्वारा गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने आरोपी एएसआई का शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार 16 अगस्त को विवाद के दौरान बंदूक की गोली लगने से दीपक नामक व्यक्ति घायल हुआ तथा उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस प्रतिवेदन में शस्त्र लाइसेंसधारी दिलीप पिता आत्माराम के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध होना तथा प्रकरण का विवेचनाधीन होना बताया गया।

बारिश में बिना सूचना पूरे गांव की बिजली काटी, सड़क पर उतरे ग्रामीण

अधिकारी बोले- किसानों पर 15 लाख बकाया, सरपंच बोलीं- डेंगू-मलेरिया हुआ तो जवाबदार कौन होगा?



हरिभूमि न्यूज ⏭|सारंगपुर

क्षेत्र की पान्दा पंचायत के बावली गांव में सोमवार शाम बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग ने शाम करीब 5 बजे बिना किसी पूर्व सूचना के पूरे गांव की बिजली सप्लाई बंद कर दी। बारिश के बीच देर शाम तक बिजली बहाल नहीं होने पर ग्रामीणों ने एमपीईबी कार्यालय से जानकारी ली। वहां उन्हें बताया गया कि बिजली बिल की राशि बकाया होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के बाहर मुख्य सड़क पर एकत्रित हो गए और धरना देकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने मांग की कि घरेलू और कृषि फीडर को अलग-अलग किया जाए, ताकि कृषि कनेक्शन की बकाया राशि के कारण पूरे गांव की घरेलू बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। एमपीईबी के जेई रविकुमार बडोले के अनुसार बावली गांव के किसानों पर करीब 15 लाख रुपए बिजली बिल की राशि बकाया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मार्च माह में किसानों ने करीब 40 हजार रुपए की राशि जमा भी की थी। ग्रामीणों ने बारिश के मौसम में इस तरह पूरे गांव की बिजली काटे जाने को अनुचित बताया।

350 रुपए का मोबाइल रिचार्ज हो सकता है तो 100-120 रुपए का बिल भी जमा होगा

गांव की सरपंच निर्मला दीपसिंह सोनगरा ने आरोप लगाया कि बिजली कटौती से पहले ग्रामीणों को कोई सूचना नहीं दी गई। उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारियों पर भी लापरवाही के आरोप लगाए। सरपंच ने कहा कि कर्मचारी समय पर बिल लेने गांव नहीं आते और बिजली लाइन में खराबी होने पर भी शिकायत के बावजूद समय पर नहीं पहुंचते। उन्होंने कहा कि आम आदमी 350 रुपए महीने का मोबाइल रिचार्ज कर सकता है तो 100-120 रुपए का बिजली बिल भी जमा करेगा, लेकिन विभाग को अपनी व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। सरपंच ने बारिश के मौसम में गांव में मच्छरों से डेंगू-मलेरिया का खतरा होने की बात कहते हुए कहा कि ऐसे समय बिजली कटौती से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बिजली बहाल करने तथा घरेलू फीडर को कृषि फीडर से अलग करने की मांग की है।

मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई। धरना और जाम में लखनसिंह, पवन, कमल, आत्माराम, अनिल, शुभम, सुनील, चैन सिंह, अंकित, बनवारी, विजय सिंह, रामबाबू, बबलू, दिनेश, पंकज, सचिन, रोहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा शामिल रहे।

आरटीओ ने काटे 15 वाहनों के चालान, तीन जब्त किए

चेकिंग के दौरान 67 हजार से अधिक के चालान बने



हरिभूमि न्यूज ⏭|विदिशा

सोमवार को आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने कुरवाई में स्कूली बसों और यात्रियों बसों सहित अन्य वाहनों की जांच की।

जांच के दौरान 15 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। इनमें से 12 वाहनों से 45 हजार 500 रुपए जुर्माना और 21 हजार 657 रुपए मोटरयान कर वसूला गया। वहीं 3 वाहनों को जब्त कर कुरवाई थाने में खड़ा कराया गया है। परिवहन विभाग की टीम ने सांदीपनी विद्यालय कुरवाई पहुंचकर परिसर में खड़ी 10 स्कूल बसों की जांच की। बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों और निर्धारित तकनीकी एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। यात्री बसों की भी जांच की गई।

विद्यार्थियों को 50% किराया छूट मिली

कुरवाई में आयोजित बैठक में विदिशा जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि जिले के सभी यात्री बस संचालक स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को यात्री किराए में 50 प्रतिशत की छूट देंगे। बैठक में अपर कलेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी, एसडीएम कुरवाई तथा एसोसिएशन अध्यक्ष महेश सिंघल सहित बस संचालक मौजूद रहे। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने कहा कि वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। विशेष रूप से स्कूल एवं यात्री बसों में सुरक्षा मानकों के पालन की लगातार निगरानी की जाएगी।

सावन मिलन उत्सव में मातृशक्ति ने बिखेरी खुशियों की फुहार



सारंगपुर। स्वर्णकार समाज महिला मंडल, नगर सारंगपुर के तत्वावधान में सावन मिलन उत्सव का भव्य एवं आत्मीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की मातृशक्ति ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता करते हुए आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक पीले एवं हरे परिधानों में शामिल होकर सावन की सुंदरता और उल्लास को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हंसी-खुशी, मनोरंजन और आपसी अपनत्व से पूरा वातावरण उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक-दूसरे से जोड़ना, आपसी प्रेम एवं सौहार्द को मजबूत करना तथा व्यस्त जीवन के बीच कुछ खुशनुमा पल साथ बिताना रहा। महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। स्वर्णकार समाज नगर महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती आशा महेंद्र सोनी सहित महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी के सहयोग और उत्साह से सावन मिलन उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन ने समाज में एकता, आत्मीयता और महिला सहभागिता की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की तथा सभी के मन में सावन की मधुर स्मृतियां छोड़ दीं।

10 अगस्त को नाले में डूबने से हुई थी पुत्र की मौत

पुत्र वियोग से आहत पिता ने भी दुनिया को कहा अलविदा

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़



एक सप्ताह पहले जब पूरे जिले में मूसलाधार बारिश ने हाहाकार मचाया हुआ था उस समय खिलचीपुर क्षेत्र के एक नाले में बहने से राजगढ़ निवासी युवक की मृत्यु हो गई थी। अपने ज्येष्ठ पुत्र की मृत्यु से उसके पिता इतने आहत थे कि कल मंगलवार को उन्होंने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को मामा-भांजा लगने वाले राजगढ़ निवासी कमल पिता शिवलाल मालवीय 28 वर्ष और सुमित मालवीय उम्र 22 वर्ष अपनी बाईक से अरन्या गांव जा रहे थे। इस दौरान सेमलीकलां के यहां कुमरा गांव के समीप इन्होंने अपनी मोटर साइकिल तेज बहाव में बह रहे नाले के पुल पर उतार दी थी। बाईक जब बीच पुल पर पहुंची तब तेज बहाव के चलते वो पुलिया के नीचे उतर गई। इस हादसे कमल की पानी में डूबने से मौत हो गई वहीं सुमित को बचा लिया गया था। अपने बड़े बेटी कमल मालवीय की मृत्यु के बाद से ही उसके पिता शिव मालवीय निवासी पाड़ाखाना राजगढ़ काफी आहत थे। पुत्र के वियोग में मंगलवार सुबह उन्होंने भी दम तोड़ दिया। आपको बतादें कि मृतक पिता श्री शिव मालवीय सालों से राजगढ़ में प्लम्बर का काम करते आ रहे थे।

जनपद के कम्प्यूटर ऑपरेटर की अटैक से मौत

राजगढ़ जनपद कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर भगवति प्रसाद शर्मा उर्फ दुर्गेश को मंगलवार सुबह 5 बजें अचानक हार्टअटैक आ गया। परिजन दुर्गेश को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस असामयिक मृत्यु से समूचे ग्रामीण विकास विभाग सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक दुर्गेश काफी सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी थे।